प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

वैज्ञानिकों द्वारा महिलाओं को दिया गया मंडुआ लड्डू, झंगोरा इडली बनाने का प्रशिक्षण

पंतनगर। 24 मई 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि में महिलाएं के वैज्ञानिकों द्वारा 'श्रीअन्न ग्राम' कार्यक्रम के तहत चौपड़ा गाँव में महिलाओं हेतु 'मोटे अनाजों के व्यंजन' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना के वैज्ञानिकों द्वारा महिलाओं को मोटे अनाज पर आधारित व्यंजनों जैसे मंडुआ लड्डू, झंगोरा इडली बनाना सिखाया गया। इसके साथ ही महिलाओं को मोटे अनाज का मूल्यवर्धन कर नियमित रूप से अपने परिवार के दैनिक आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया जिन्हें खाने से परिवार के सदस्यों के शरीर में प्रोटीन, कैल्शियम की कमी दूर होने के साथ–साथ मोटापा, हृदय रोग, पाचन संबंधी समस्याएं समाप्त होती है। प्रशिक्षण में कुल 31 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। महिलाओं को समूह बनाकर मोटे अनाज आधारित लघु उद्योग आरंभ करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मोटे अनाजों (मिलेट) के महत्व को दर्शाया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि सभी मोटे अनाज प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा. सीमा क्वात्रा, डा. सुनीता शर्मा, डा. पूनम तिवारी एवं डा. दीपा जोशी मौजूद थे।

चित्र सं. 1 एवं 2: कार्यक्रम में महिलाओं को मंडुआ लड्डू, झंगोरा इडली बनाने के बारे में प्रशिक्षण देते वैज्ञानिकों।